दिनांकः 30.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- राज्य में छह जिलों के लिए आज मूसलाधार बरसात का रेड अलर्ट–कई स्थानों पर भारी बरसात से जनजीवन प्रभावित।
- हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रदेशभर में अब तक 6 करोड़ 81 लाख से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं।
- प्रदेश में पशुपालकों की सुविधा के लिए मोबाइल एप लॉन्च–घर बैठे ही पशुओं के निःशुल्क इलाज की सुविधा मिलेगी।
- इसरो आज सिंथेटिक अपर्चर राडार उपग्रह–निसार अंतरिक्ष में भेजेगा।

......................

राज्य में आज छह जिलों के लिए मूसलाधार बरसात का रेड अलर्ट है। मौसम विभाग ने बारां, बूंदी, चित्तौड़गढ़, झालावाड़, कोटा और प्रतापगढ़ जिलों के लिए ये अलर्ट जारी किया है। वहीं जैसलमेर, बाड़मेर और बीकानेर को छोड़कर लगभग सभी जिलों में बरसात का येलो अलर्ट है। इन स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।
इस बीच, प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर बारिश का दौर जारी है। राजधानी जयपुर में सुबह से ही रुक–रुक कर बरसात हो रही है। भरतपुर में कभी तेज तो कभी हल्की बारिश हो रही है। लगातार हो रही बरसात से कुछ स्थानों पर जनजीवन प्रभावित है। कई नदी नाले उफान पर हैं। कई गांवों का मुख्य मार्गों से सम्पर्क कट गया है। बारां में कल देर रात तक भारी बरसात से निचले इलाकों में पानी भर गया। तेज बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

................

सवाईमाधोपुर में कल रात हुई तेज बरसात से टोंक–शिवपुरी मार्ग पर बोदल पुलिया क्षतिग्रस्त हो गई, जिससे खंडार का जिला मुख्यालय से सम्पर्क बाधित हो रहा है। साथ ही जिले का मध्य प्रदेश से सम्पर्क कट गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि सवाईमाधोपुर रेलवे स्टेशन पर पटरियों पर पानी भरने से रेल यातायात प्रभावित हुआ है।

...............

हाड़ौती क्षेत्र में बहने वाली कालीसिंध नदी उफान पर है। नदी पर बने नवनेरा बैराज पर पानी को रोकने से बांध की भराव क्षमता का 70 प्रतिशत पानी आ गया है। कोटा के सात बड़े बांधों में से आलनिया और सावन भादो बांध लबालब हो गये हैं। कोटा बैराज और जवाहर सागर बांध से बड़ी मात्रा में चंबल नदी में पानी छोड़ा जा रहा है। उधर, तेज बारिश की आशंका को देखते हुए अजमेर, राजसमंद, कोटा और भीलवाडा सहित 14 जिलों में स्कूलों में आज का अवकाश घोषित किया गया है।

......................

हरियालो राजस्थान अभियान के तहत प्रदेशभर में अब तक 6 करोड़ 81 लाख से अधिक पौधे लगाये जा चुके हैं। 1 अप्रेल से 29 जुलाई तक की अवधि में ये पौधे लगाये गये हैं। यह वृक्षारोपण 1 लाख 80 हजार से ज्यादा स्थानों पर किया गया, जिसमें 53 से अधिक प्रजातियों के पौधे लगाये गए। इस वर्ष अभियान के तहत 10 करोड़ पौधे रोपे जाने का लक्ष्य रखा गया है। इन पौधों की लगातार मॉनिटरिंग करने के लिए हरयाळो राजस्थान ऐप की भी शुरूआत की गई है, जिसके माध्यम से अब तक लाखों वृक्ष प्रेमियों को डिजिटल प्रमाणपत्र भी दिए जा चुके हैं।

......................

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि विश्व के किसी नेता ने भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने को नहीं कहा है। लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा का जवाब देते हुए श्री मोदी ने अमरीका के दबाव में पाकिस्तान के साथ युद्धविराम समझौते पर सहमति देने के विपक्ष के आरोप को खारिज किया। उन्होंने

कहा कि पाकिस्तान ने ही भारत से ऑपरेशन सिंदूर रोकने का आग्रह किया था और कहा था कि वे अब और नहीं सह सकते।

................

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने पाकिस्तान में आतंकी शिविरों को नष्ट कर दिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान को करारा जवाब दिया और भारतीय सशस्त्र बलों ने मात्र 22 मिनट में आतंकी हमले का बदला ले लिया।

......................

प्रदेश में पशुपालकों की सुविधा के लिए मोबाइल एप लॉन्च किया गया है। इस एप के माध्यम से पशुपालक अपने पशुओं का इलाज करवा सकते हैं। पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कल पाली में मीडिया से बातचीत में बताया कि इसके जरिए निःशुल्क इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि एप पर सूचना मिलने के बाद डाक्टरों की टीम घर पहुंचकर पशुओं का उपचार करेगी।

......................

राजस्थान वित्त निगम की ओर से आज जयपुर में औद्योगिक शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके माध्यम से युवाओं को कम ब्याज दरों पर ऋण मिल सकेगा। निगम के उपप्रबंधक सत्यवान सिंघल ने बताया कि उद्यमियों को राहत देने के लिए कई बदलाव किये गये हैं। युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना में उद्यमियों से आवेदन और प्रोसेसिंग शुल्क नहीं लिया जायेगा।

......................

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो आज सिंथेटिक अपर्चर राडार उपग्रह–निसार अंतरिक्ष में भेजेगा। यह इसरो और अमरीकी अंतरिक्ष एजेंसी–नासा का संयुक्त मिशन है। आंध्र प्रदेश में श्री हरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से जी.एस.एल.वी.–एफ16 रॉकेट से शाम पांच बजकर चालीस मिनट पर यह प्रक्षेपण होगा। इस मिशन का उद्देश्य हर बारह दिन पर पृथ्वी और इसकी आंतरिक हलचलों का बारीकी से निरीक्षण करना है। इससे जलवायु परिवर्तन, अनुसंधान और आपदा कार्रवाई के लिए उच्च गुणवत्ता के स्पष्ट चित्र और डेटा उपलब्ध होंगे।

......................

मुख्यमंत्री अनुप्रति कोचिंग योजना में आगामी सत्र के लिए आवेदन प्रक्रिया जल्द शुरू होगी। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग निदेशक आशीष मोदी ने कल योजना के क्रियान्वयन के संबंध में हुई समीक्षा बैठक के दौरान ये बात कही। उन्होंने संस्थानों से विद्यार्थियों को योजना के लाभ के बारे में जागरूकता फैलाने का अनुरोध किया। साथ ही, उन्होंने लाभार्थियों से जनआधार जानकारी अपडेट करवाने को कहा।

......................